# वैश्विक ऊर्जा और खाद्य सुरक्षा संकट पर चर्चा

## जयशंकर ने सोशल मीडिया पर लिखा-फ्रांस के राष्ट्रपति से मुलाकात करना सम्मान की बात

**पेरिस, 28 मार्च. भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने जी 7 विदेश मंत्रियों के शिखर सम्मेलन के अवसर पर फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मुलाकात की. इस दौरान वैश्विक ऊर्जा और खाद्य सुरक्षा संकट पर गहन चर्चा हुई. जयशंकर ने सोशल मीडिया पर लिखा कि कल रात फ्रांस के राष्ट्रपति से मुलाकात करना सम्मान की बात थी.**

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शुभकामनाएं भी पहुंचाई. जयशंकर ने फ्रांस के जी 7 विदेश मंत्रियों की बैठक में ग्लोबल साउथ देशों की ऊर्जा, खाद्य और ईंधन सुरक्षा से जुड़ी चिंताओं को प्रमुखता से उठाया और वैश्विक शासन व्यवस्था में सुधार की तत्काल जरूरत पर बल दिया. भारत इस समय जी-7 का सदस्य नहीं है, लेकिन फ्रांस ने इसे पार्टनर देश के रूप में आमंत्रित किया था. विदेश मंत्री जयशंकर ने पेरिस में जी 7 विदेश मंत्रियों की बैठक के दौरान फ्रांस के राष्ट्रपति मक्रों से मुलाकात की. इस अवसर पर उन्होंने वैश्विक ऊर्जा संकट, खाद्य सुरक्षा और ईंधन आपूर्ति की चुनौतियों पर चर्चा की.



### वैश्विक शासन व्यवस्था में सुधार की जरूरत : जयशंकर

जयशंकर ने बैठक में वैश्विक दक्षिण के देशों की चिंताओं को प्रमुखता से उठाया और वैश्विक शासन व्यवस्था में सुधार की जरूरत पर जोर दिया. जी-7 बैठक में भारत के प्रतिनिधित्व के दौरान जयशंकर ने अमेरिका, सऊदी अरब, जर्मनी और यूक्रेन के विदेश मंत्रियों से भी द्विपक्षीय बातचीत की. उन्होंने ईरान युद्ध के चलते पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष और व्यापार तथा सप्लाई चेन में आने वाली बाधाओं पर भी चर्चा की. इसके अलावा कनाडा, दक्षिण कोरिया, इटली, जापान और ब्राजील के विदेश मंत्रियों से भी मुलाकात हुई. समूह सात (जी 7) दुनिया की सात सबसे विकसित अर्थव्यवस्थाओं का मंच है- कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, यूनाइटेड किंगडम और अमेरिका। यूरोपीय संघ भी इसमें सदस्य है. भारत, सऊदी अरब, दक्षिण कोरिया और ब्राजील को इस बार फ्रांस ने आमंत्रित किया. इस मंच पर प्रमुख आर्थिक, वित्तीय और भू-राजनीतिक चुनौतियों पर चर्चा और समन्वित कार्रवाई की जाती है. जयशंकर ने बैठक के दौरान वैश्विक आपूर्ति, ऊर्जा और खाद्य सुरक्षा के मुद्दों पर भारत के दृष्टिकोण को स्पष्ट किया.

# जेवर से लखनऊ के लिए पहली उड़ान

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और राज्यपाल आनंदीबेन पटेल हुए रवाना

**ग्रेटर नोएडा 28 मार्च. उत्तर प्रदेश के जिला गौतमबुद्धनगर क्षेत्र ग्रेटर नोएडा जेवर स्थित महत्वाकांक्षी नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से आज एक ऐतिहासिक पल देखने को मिला, जब लखनऊ के लिए पहली उड़ान का संचालन किया गया.**

इस खास मौके पर उत्तर प्रदेश के सीएम योगी और राज्यपाल आनंदीबेन पटेल स्वयं पहली फ्लाइट में सवार होकर लखनऊ के लिए रवाना हुए। यह उड़ान न केवल एयरपोर्ट के संचालन की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि है, बल्कि प्रदेश के हवाई कनेक्टिविटी नेटवर्क को भी मजबूत करने वाला अहम कदम माना जा रहा है.




### उत्तर प्रदेश विकास का नया इंजन साबित होगा

जेवर स्थित यह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट देश के सबसे बड़े एविएशन प्रोजेक्ट्स में से एक है। पहली उड़ान के साथ ही यह एयरपोर्ट अब धीरे-धीरे नियमित सेवाओं की ओर बढ़ रहा है। अधिकारियों के अनुसार, आने वाले समय में यहां से देश-विदेश के कई प्रमुख शहरों के लिए उड़ानें शुरू की जाएंगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस मौके पर कहा कि यह एयरपोर्ट पश्चिमी उत्तर प्रदेश के विकास का नया इंजन साबित होगा.

## खरगे ने बालेंद्र शाह को दी प्रधानमंत्री बनने पर बधाई

**नई दिल्ली.** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने नेपाल के नवनियुक्त प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह को पदभार ग्रहण करने पर हार्दिक बधाई दी है. खरगे ने सोशल मीडिया एक्स पर अपने संदेश में शनिवार को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वह कांग्रेस की ओर से प्रधानमंत्री पद ग्रहण करने पर बधाई देते हैं. लिखा भारत-नेपाल संबंध अत्यंत गहरे और जन-से-जन संपर्क और साझा सांस्कृतिक विरासत पर आधारित हैं. मुझे विश्वास है हमारे मजबूत संबंध तथा साझेदारी आने वाले समय में और सुदृढ़ होगी.



# उत्तराखंड के कई नेता भाजपा छोड़ कांग्रेस में हुए शामिल

- चुनाव से पहले राजनीतिक दलों में सियासी खेल शुरू

**नयी दिल्ली,28 मार्च. उत्तराखंड विधानसभा के अगले वर्ष होने वाले चुनाव से पहले राजनीतिक दलों में सियासी खेल शुरू हो गई है और इस क्रम में कई पूर्व विधायक, महापौर, पालिका अध्यक्ष तथा अन्य वरिष्ठ नेता भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) छोड़कर शनिवार को यहां कांग्रेस में शामिल हो गये.**

कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन के दौरान पार्टी की प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा, प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल, प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति के अध्यक्ष हरक सिंह रावत, विधायक दल के नेता यशपाल आर्य तथा अन्य वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में इन सभी नेताओं ने कांग्रेस का दामन थामा। कांग्रेस की विचारधारा से प्रभावित होकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने का दावा करने वाले इन नेताओं में रुद्रपुर से दो बार भाजपा विधायक रहे राजकुमार ठुकराल, सितारगंज से दो बार विधायक रहे नारायण पाल, घनसाली के पूर्व विधायक भीम लाल आर्य, रुड़की के पूर्व महापौर गौरव गोयल, भीमताल क्षेत्र से जुड़े लखन सिंह तथा मसूरी नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष अनुज गुप्ता प्रमुख हैं.

## आज का इतिहास

1849 - महाराजा दिलीप सिंह ने अपने दिवंगत पिता रणजीत सिंह का सिंहासन छोड़ दिया और पंजाब पर ईस्ट इंडिया कंपनी का कब्जा हो गया.

1857- मंगल पांडे ने बैरकपुर छावनी में ब्रिटिश शासन के खिलाफ विद्रोह का बिगुल फूंका.

1859 - बहादुर शाह जफर द्वितीय को 1857 की क्रांति में भागीदारी के लिए दोषी करार देकर रंगून निर्वासित किया गया.

1913 - हिन्दी के प्रसिद्ध कवि तथा गांधीवादी विचारक भवानी प्रसाद मिश्र का जन्म.

1929 - हिन्दी तथा बांग्ला फिल्मों के प्रसिद्ध अभिनेता और निर्माता उत्पल दत्त का जन्म.

# 891 करोड़ की लागत से संवरेगा रेलवे

- परियोजनाओं का लोकार्पण एवं राष्ट्र को समर्पण करेंगे

**अहमदाबाद, 28 मार्च. मंडल, पश्चिम रेलवे द्वारा अवगत कराया जाता है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दिनांक 31 मार्च को गुजरात राज्य में 891 करोड़ लागत की विभिन्न महत्वपूर्ण रेल परियोजनाओं का लोकार्पण एवं राष्ट्र को समर्पण करेंगे.**

इन परियोजनाओं के अंतर्गत खेड़ब्रह्मा अहमदाबाद (असारवा) के मध्य नई ट्रेन सेवा का शुभारंभ तथा खेड़ब्रह्मा - हिम्मतनगर रेलखंड का राष्ट्र को समर्पण शामिल है। खेड़ब्रह्मा से वडाली तक का सफलतापूर्वक1 मूल्य का टेस्ट टिकट जारी करपरिचालन की परीक्षण प्रक्रिया पूर्ण की गई.




यह परीक्षण यात्रियों के लिए टिकटिंग व्यवस्था, परिचालन प्रणाली एवं सुविधाओं की तैयारियों का सफल आकलन दर्शाता है। दिनांक 31 मार्च, 2026 को नई ट्रेन सेवा के शुभारंभ से पूर्व, स्थानीय सांसद एवं विधायकगण एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण11वीं शताब्दी के प्राचीन ब्रह्मा मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगे तथा तत्पश्चात रेलवे स्टेशन पर भी विधिवत पूजन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। खेड़ब्रह्मा, उत्तर गुजरात के साबरकांठा जिले में स्थित एक प्राचीन एवं पवित्र धार्मिक नगरी है, जिसे ब्रह्मक्षेत्र के रूप में भी जाना जाता है। यह स्थान भगवान ब्रह्मा, ऋषि भृगु एवं माँ अंबिका से जुड़ी आस्था का प्रमुख केंद्र रहा है.

## एम्स पटना ने मेडिकल सोशल वेलफेयर यूनिट का किया शुभारंभ

**पटना, 28 मार्च.** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ने %मेडिकल सोशल वेलफेयर यूनिट का शुभारंभ किया है। यह विशेष इकाई %वन-स्टॉप सेंटर% के रूप में कार्य करेगी। अब मरीजों और उनके परिजनों को दर-दर नहीं भटकना पड़ेगा। उन्हें सही मार्गदर्शन, विश्वसनीय काउंसलिंग और कल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ एक ही छत के नीचे मिलेगा। इस इकाई में मेडिकल सोशल सर्विस ऑफिसर और प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अन्य कर्मचारी तैनात रहेंगे।यह इकाई मरीजों और उनके परिवारों को मनोवैज्ञानिक और सामाजिक सहायता प्रदान करेगी.

# नाटो से समर्थन की तैयारी में डोनाल्ड ट्रंप

- डोनाल्ड ट्रंप ने गठबंधन के रुख से वाशिंगटन निराश

**वॉशिंगटन, 28 मार्च. अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हालिया घटनाक्रम को लेकर असंतोष जताते हुए संकेत दिया है कि वह नाटो को दिए जा रहे अपने समर्थन को वापस ले सकते हैं.**

ट्रंप ने मियामी में आयोजित एक कार्यक्रम में शुक्रवार को कहा, हम नाटो पर हर साल सैकड़ों अरब डॉलर खर्च करते हैं. हम उनकी सुरक्षा करते हैं और हमेशा उनके साथ खड़े रहे हैं, लेकिन अब उनके हालिया रवैये को देखते हुए शायद हमें ऐसा करने की आवश्यकता नहीं है.



उन्होंने एक दिन पहले कहा था कि ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई नाटो के लिए अमेरिका के प्रति समर्थन की परीक्षा थी और इस मामले में गठबंधन के रुख से वाशिंगटन निराश है.

### मलबा गिरने से 5 भारतीय हुए घायल

**अबू धाबी.** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अबू धाबी में ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल हमले के बाद मलबा गिरने से पांच भारतीय नागरिक घायल हो गए हैं. अबू धाबी मीडिया कार्यालय ने बताया कि खलीफा इकोनॉमिक जोन्स अबू धाबी (केजाड) के आसपास पहले रिपोर्ट की गयी घटना के संबंध में यह पुष्टि हुई है.

### अमेरिकी सैन्य अभियान बहुत अच्छी स्थिति में : ट्रंप

**वाशिंगटन.** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि ईरान के खिलाफ जारी अमेरिकी सैन्य अभियान बेहतरीन ढंग से आगे बढ़ रहा है ।लेकिन इसी दौरान ईरान ने सऊदी अरब स्थित प्रिंस सुल्तान एयर बेस पर मिसाइल और ड्रोन हमले किए, जिनमें 12 अमेरिकी सैनिक घायल हो गए.

## राहुल मानहानि मामले में आवाज के नमूने की जांच पर सुनवाई 6 अप्रैल को

**सुलतानपुर.** उत्तर प्रदेश के सुलतानपुर स्थित एमपी-एमएलए कोर्ट में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ चल रहे मानहानि के एक पुराने मामले में शनिवार को सुनवाई हुई। इस दौरान शिकायतकर्ता पक्ष ने राहुल गांधी की आवाज का नमूना लेकर जांच कराने की मांग की, जिस पर अदालत ने अगली सुनवाई के लिए 6 अप्रैल की तारीख निर्धारित की है.



## अदाणी डिफेंस ने भारतीय सेना को मशीन गन सौंपी

**नई दिल्ली/ अहमदाबाद.** एयरोस्पेस और रक्षा क्षेत्र में कारोबार करने वाली अदाणी समूह की कंपनी अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस ने सेना को स्वदेश में बनी प्रहार 7 .62 मिमी लाइट मशीन गन (एलएमजी) की 2,000 यूनिटें सौंपी हैं। कंपनी ने शनिवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी देते हुए कहा कि यह भारत की छोटे हथियार बनाने की देश की क्षमता में एक महत्वपूर्ण अध्याय है। कंपनी के अनुसार उसने 2000 एलएमजी की पहली खेप सिर्फ 7 महीनों में प्रस्तुत की है जो तय समय से 11 महीने पहले है.

## रूस का बड़ा फैसला, गैसोलीन एक्सपोर्ट पर बैन

**मॉस्को, 28 मार्च.** वैश्विक तेल बाजार में बढ़ती अनिश्चितता और मध्य पूर्व में जारी तनाव के बीच रूस ने बड़ा फैसला लेते हुए 1 अप्रैल से गैसोलीन के निर्यात पर अस्थायी प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है. यह बैन 31 जुलाई तक लागू रहेगा और इसका उद्देश्य घरेलू ईंधन कीमतों को नियंत्रित रखना है. रूस के उपप्रधानमंत्री अलेक्सेंडर नोवाक ने इस फैसले की जानकारी देते हुए बताया कि मौजूदा वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए यह कदम जरूरी हो गया था. बढ़ती मांग के कारण घरेलू आपूर्ति और कीमतों पर दबाव बन रहा था.

# कांग्रेस ने हमेशा लोकतंत्र को रौंदने का काम किया



- कांग्रेस में नेता का बेटा ही नेता बनेगा : शिवराज
- प्रियंका के आते ही कांग्रेस में भगदड़ : केंद्रीय मंत्री

पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव

**असम/नई दिल्ली, 28 मार्च. केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को असम की रंगिया विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में विशाल जनसभा को संबोधित किया.**

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान शनिवार को असम राज्य के प्रवास पर थे। शिवराज सिंह चौहान ने यहां कामरूप ग्रामीण जिले की रंगिया विधानसभा से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार भावेश कालिता के समर्थन में विशाल जनसभा को संबोधित किया. इस दौरान केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, जब मैं युवा मोर्चा कार्यकर्ता, राष्ट्रीय पदाधिकारी और बाद में मुख्यमंत्री रहते हुए कई बार असम आया हूँ. उस दौर की स्थिति आज भी याद है। तब भय का ऐसा माहौल था कि हमें कई स्थानों पर जाने से रोक दिया जाता था. असम उस समय उल्फा और अन्य उग्रवादी संगठनों के कारण आतंक का पर्याय बन चुका था. उस समय बुनियादी ढांचे की स्थिति बेहद खराब थी.

### ममता ने चुनाव आयोग पर पक्षपात का लगाया आरोप

- लोकतंत्र खतरे में, लोगों को राहत का भरोसा : ममता
- धंसती जमीन पर सरकार सख्त, ममता का बड़ा ऐलान

कोलकाता, 28 मार्च. पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को चुनाव आयोग पर तीखा प्रहार करते हुए आरोप लगाया कि आयोग जान-बूझकर अनुभवी अधिकारियों को राज्य से बाहर भेज रहा है. सुश्री बनर्जी ने कहा कि ऐसा स्थानीय प्रशासन को कमज़ोर करने और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को चुनाव के दौरान बेहिसाब पैसे, शराब और बाहरी दखलंदाज़ी के ज़रिए स्थिति का फ़ायदा उठाने का मौका देने के लिए किया जा रहा है. उन्होंने रानीगंज में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि जो (अधिकारी) स्थानीय इलाकों से अच्छी तरह परिचित थे . ऐसे लगभग 50 से 100 अधिकारियों केरल और तमिलनाडु भेज दिया गया है. ऐसा इसलिए किया जा रहा है ताकि भाजपा का बेहिसाब पैसा, नशीले पदार्थ, गुंडे और बुलडोज़र राज्य में घुस सकें, और दंगे भड़काए जा सकें. उन्होंने नए तैनात अधिकारियों के लिए भी एक संदेश जारी किया, जिसमें उनसे लोगों के हित में काम करने और किसी भी राजनीतिक दबाव में न आने का आग्रह किया गया. उन्होंने कहा कि जिन लोगों को नयी पोस्टिंग मिली है, मैं उनसे कहना चाहूँगी कि आप राज्य प्रशासन का हिस्सा हैं. अगर आप ठीक से काम करना चाहते हैं, तो लोगों की तरफ देखें. मेरी तरफ देखने की कोई ज़रूरत नहीं है.

मुख्यमंत्री ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में वोटर लिस्ट में बड़े पैमाने पर गड़बड़ियों का आरोप लगाया और दावा किया कि नाम मनमाने ढंग से हटाए जा रहे हैं और जिस तरीके से विसंगतियों की पहचान की जा रही है, उस पर सवाल उठाया. उन्होंने कहा कि जो मैं सुन रही हूँ, उसके अनुसार अगर किसी बूथ में 500 नाम हैं, तो 400 नाम हटाए जा रहे हैं. क्या यह कोई मज़ाक है? यह क्या हो रहा है? हमेशा एक लक्ष्मण रेखा होती है, लेकिन भाजपा सभी सीमाएँ पार कर रही है. पहली पूरक सूची कहाँ है? बिल्कुल शुरुआत में ही 58 लाख नाम हटा दिए गए.

# पुणे-दुष्कर्म के आरोपी स्वयंभू पाखंडी भोंदू बाबा गिरफ्तार

**पुणे/ मुंबई, 28 मार्च महाराष्ट्र की मुंबई पुलिस ने एक 35 वर्षीय महिला के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी और खुद को आध्यात्मिक गुरु बताने वाले 'भोंदू बाबा' ऋषिकेश वैद्य को पुणे पुलिस ने एक संयुक्त अभियान के दौरान वसई से गिरफ्तार कर लिया है.**

आरोपी के खिलाफ पुणे में प्राथमिकी दर्ज होने के बाद वह फरार चल रहा था, पुलिस के अनुसार, 'आमची वसई' नामक संगठन चलाने वाले ऋषिकेश वैद्य ने खुद को भगवान महादेव का अवतार बताकर पीड़ित महिला को विश्वास दिलाया कि वह 'पार्वती' का रूप है.

### पुलिस ने हेल्पलाइन चालू कर की जांच

**नासिक/मुंबई.** महाराष्ट्र में नासिक के स्वयंभू बाबा अशोक खरात के खिलाफ पुलिस हेल्पलाइन के जरिए 100 से अधिक शिकायतें दर्ज की गयी हैं जिनमें लगभग 70 फीसदी शिकायतकर्ता महिलाएं हैं। पुलिस सूत्रों ने शनिवार को कहा कि कई पीड़ित, विशेष रूप से महिलाएं, बदनामी के डर, सामाजिक कलंक और आरोपी के कथित राजनीतिक संबंधों के कारण शुरू में लिखित शिकायत देने में संकोच कर रहे थे.

# पंजाब में 109 नए आम आदमी क्लिनिक, कुल संख्या हुई 990

- लोग अपने घर के पास मुफ्त इलाज पा सकते हैं : केजरीवाल

**चंडीगढ़, 28 मार्च. आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट साझा कर पंजाब में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार की जानकारी दी.**

उन्होंने लिखा कि आज पंजाब में 19 नए आम आदमी क्लिनिक जनता को समर्पित किए गए हैं। इसके साथ ही राज्य में अब कुल 99 क्लिनिक पूरे लोगों की सेवा में उपलब्ध हैं। केजरीवाल ने अपने पोस्ट में कहा कि आम आदमी क्लिनिक के जरिए पंजाब के लोग अब अपने घर के पास ही मुफ्त और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्राप्त कर सकते हैं। आम आदमी क्लिनिक मॉडल का उद्देश्य बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाओं को हर नागरिक के करीब लाना है, जिससे लोगों को समय और पैसे दोनों की बचत हो। पंजाब में 99 क्लिनिक की स्थापना से राज्यवासियों को नियमित स्वास्थ्य जांच, प्राथमिक उपचार और चिकित्सकीय परामर्श आसानी से उपलब्ध हो सकेगा.



**बारिश का अलर्ट** पश्चिमी विक्षोभ के असर से तेज हवाएं, बिजली गिरने और फसल नुकसान का खतरा

# उत्तर प्रदेश के 40 जिलों में आंधी-ओले की चेतावनी

**लखनऊ, 28 मार्च. उत्तर प्रदेश में एक बार फिर मौसम करवट लेने जा रहा है। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से अगले चार दिनों तक राज्य के विभिन्न हिस्सों में बारिश, तेज हवाएं और आंधी का दौर जारी रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने लखनऊ समेत 40 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है.**

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, कई इलाकों में गरज-चमक के साथ बारिश और ओलावृष्टि हो सकती है। इसके अलावा 3 से 5 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का भी अनुमान है। बिजली गिरने की आशंका को देखते हुए लोगों को सतर्क रहने और सुरक्षित स्थानों पर रहने की सलाह दी गई है। पिछले 24 घंटों में भी कई जिलों में बारिश दर्ज की गई है, जिससे तापमान में गिरावट आई है। हालांकि इस बदलाव ने जहां गर्मी से राहत दी है, वहीं किसानों के लिए चिंता बढ़ा दी है, क्योंकि फसलों को नुकसान का खतरा बढ़ गया है। मौसम विभाग के अनुसार, 29 मार्च की शाम से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बारिश का सिलसिला शुरू होगा.



जो आने वाले दिनों तक जारी रह सकता है। लखनऊ सहित सहारनपुर, मेरठ, आगरा, बरेली, मुरादाबाद, गाजियाबाद और अन्य कई जिलों में तेज हवाओं के साथ बारिश और ओलावृष्टि की संभावना जताई गई है। हवाओं की रफ्तार 4 से 5 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच सकती है.

### पंजाब-चंडीगढ़ में तूफान और तेज हवाओं का येलो अलर्ट

**चंडीगढ़.** मौसम विभाग ने पंजाब और चंडीगढ़ में अगले तीन दिनों में तूफान एवं तेज हवाओं के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने इस दौरान तूफान, बिजली गिरने और तेज़ हवाओं की संभावना जतायी है। हवाओं की रफ्तार 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा तक रह सकती है। विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटों में तापमान में 1.1 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है.

# कांग्रेस को बड़ा झटका, पूर्व अध्यक्ष एवी सुब्रमण्यम ने दिया इस्तीफा

**पुडुचेरी, 28 मार्च.** केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में आगामी नौ अप्रैल को होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस पार्टी को उस समय बड़ा झटका लगा, जब पूर्व प्रदेश कांग्रेस कमेटी (पीसीसी) अध्यक्ष ए.वी. सुब्रमण्यम ने शुक्रवार रात निजी कारणों और अपरिहार्य परिस्थितियों का हवाला देते हुए पार्टी की प्राथमिक सदस्यता और अपने सभी पदों से इस्तीफा दे दिया. सुब्रमण्यम ने पीसीसी अध्यक्ष और लोकसभा सांसद वी. वैथिलिंगम को भेजे अपने त्यागपत्र में स्पष्ट किया कि वह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के साथ-साथ वर्तमान में संभाल रहे सभी उत्तरदायित्वों को छोड़ रहे हैं. राजनीतिक गलियारों में उनके इस कदम को उनके पुत्र शक्तिवेल प्रभु की उम्मीदवारी से जुड़े विवाद से जोड़कर देखा जा रहा है. उल्लेखनीय है कि श्री प्रभु ने कराईकल (दक्षिण) निर्वाचन क्षेत्र से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है. चूंकि यह निर्वाचन क्षेत्र गठबंधन सहयोगी दल द्रमुक (डीएमके) को आवंटित किया गया था, इसलिए पार्टी नेतृत्व ने उन्हें अपना नामांकन वापस लेने की सलाह दी थी. इसके बावजूद प्रभु ने पार्टी के निर्देशों को अनसुना कर दिया.

### तृणमूल के दो उम्मीदवारों के नाम शामिल

**कोलकाता.** तृणमूल कांग्रेस की ओर से कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखकर अपने 11 उम्मीदवारों की स्थिति पर तत्काल हस्तक्षेप की मांग करने के कुछ ही घंटों बाद चुनाव आयोग ने शुक्रवार रात प्रकाशित दूसरी पूरक मतदाता सूची में दो उम्मीदवारों को मंजूरी दे दी. इस घटनाक्रम से सत्ताधारी पार्टी को आंशिक राहत मिली है, क्योंकि श्यामपुकुर की उम्मीदवार शशि पांजा और हसन निर्वाचन क्षेत्र के प्रत्याशी काजल शेख के नाम नवीनतम सूची में शामिल हैं.

### चेन्नई में चुनावी अभियानों के लिए पूर्व अनुमति अनिवार्य : चुनाव आयोग

**चेन्नई.** चेन्नई जिला चुनाव अधिकारी और ग्रेटर चेन्नई कॉर्पोरेशन के आयुक्त जे. कुमारगुरुबरन ने कहा है कि राजनीतिक दलों और व्यक्तियों को चुनाव प्रचार से संबंधित कार्यक्रमों के आयोजन के लिए सुविधा पोर्टल के माध्यम से कम से कम 48 घंटे पहले अनुमति प्राप्त करना अनिवार्य है. इसमें होटलों जैसे निजी स्थानों पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम भी शामिल हैं. श्री कुमारगुरुबरन ने स्पष्ट किया है कि निजी स्थानों पर राजनीतिक कार्यक्रमों पर कोई प्रतिबंध नहीं है, लेकिन आयोजकों को सख्ती से सलाह दी गई है कि वे प्रलोभन, जैसे कि टोकन या सामग्री के वितरण के किसी भी संदेह से बचने के लिए मंजूरी प्राप्त करें.